# जनपद बाराबंकी

**प्रेसनोट सं0-02,** **दिनांक-17.01.2025**

**स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा वेयर हाउस में हुई चोरी की घटना का भंडाफोड़, 09 अन्तर्जनपदीय चोरों को किया गया गिरफ्तार, 85 कार्टन मोटर पार्ट्स, नकदी, तमंचा व 02 अदद चार पहिया वाहन बरामद-**

दिनांक-08.01.2025 को मेसर्स ओम लजिस्टिक्स लिमिटेड के शाखा प्रबन्धक/वादी रंजीत झा पुत्र राजकांत झा द्वारा सूचना दिया गया कि थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम माती स्थित वेयर हाउस, जो माल परिवहन के लिए लोडिंग, अनलोडिंग एवं भण्डारण के लिए किराये पर ले रखा है, से कई कार्टन माल गायब हो गया है, सीसीटीवी फुटेज की जांच से पता चला कि दिनांक-03/04.01.2025 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा अपने चेहरे को ढ़क कर वेयर हाउस के पीछे की टिन शेड को खोलकर माल के कार्टन चोरी कर ले गये हैं। उक्त सूचना के आधार पर थाना देवा पर मु0अ0सं0 10/2025 धारा 305(A)/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पुलिस टीम द्वारा डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए दिनांक- 16.01.2025 को 09 अभियुक्तों 1. कृष्ण मोहन पुत्र राम प्रवेश मौर्या निवासी धौरमऊ गोरखपुरी बंगला थाना देवा जनपद बाराबंकी, 2. दीपक अग्रवाल पुत्र स्व0 विशन अग्रवाल निवासी बल्केश्वर थाना कमलानगर जनपद आगरा, हालपता- 19/287 इन्दिरानगर, लखनऊ (किराए का मकान), 3. हनुमान रावत पुत्र केदार निवासी मतपुरवा थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी, 4. कुलदीप पुत्र राम दुलारे रावत निवासी शेषपुर अलीपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी, 5. सुधीर पुत्र रामनरेश रावत निवासी ग्राम रोटी थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी, 6. ओमकार पुत्र लालजी वर्मा निवासी ग्राम गौरिया थाना देवा जनपद बाराबंकी, 7. गुरूमीत सिंह पुत्र हरबक्श सिंह निवासी लाजपत नगर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी, 8. मनोज पुत्र सोहन लाल नि0 ढर्रेपुर मजरे कुरखिला थाना देवा जनपद बाराबंकी, 9. रनमीत सिंह पुत्र बृजेन्द्र सिंह निवासी खुर्शीद बाग त्रिपाठीनगर जनपद लखनऊ को जरुआ जंगल, ग्राम टिकरिया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 85 अदद कार्टन (मोटर पार्ट्स) व घटना में प्रयुक्त दो अदद चार पहिया वाहन, 03 अदद मोबाइल फोन व 5,990/- रूपये नकद बरामद कर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई तथा अभियुक्त कृष्ण मोहन के कब्जे से 01 अदद तमंचा, 02 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद कर थाना देवा पर मु0अ0सं0 28/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त कृष्ण मोहन व हनुमान रावत पूर्व में टेल्को कम्पनी में गाड़ियां चलाते थे तथा इन दोनों का परिचय अभियुक्त दीपक अग्रवाल निवासी बल्केश्वर थाना कमलानगर जनपद आगरा से हुआ जो ऑटो मोटर पार्ट्स की दुकनों पर गाड़ियों के पार्ट्स बेचने का काम करता है। अभियुक्त हनुमान रावत व कृष्ण मोहन ने वेयर हाउस में चोरी करने के लिए एक गैंग बनाया तथा उस चोरी किये गये सामान को बेचने के लिए दीपक अग्रवाल को सम्मिलित किया। योजनानुसार अभियुक्तगण द्वारा थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत माती

स्थित वेयर हाउस को चिन्हित किया गया, क्योंकि वेयर हाउस के पीछे खाली स्थान था, जहां पर आसानी से गाड़ी आ सकती है। अभियुक्तगण द्वारा दिनांक- 03.01.2025 की रात्रि में वेयर हाउस के पीछे टिन की दीवार के नट-बोल्ट खोलकर टिन को खिसका कर घुस गये और सामान निकाल कर बाहर इकट्ठा करने के बाद गाड़ी बुलाकर लाद कर चले गये। अगले दिन जब अभियुक्तगण को पता चला कि चोरी के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं हुई तो दिनांक- 04.01.2025 को पुनः वेयर हाउस में जाकर अन्य सामान चोरी किया। वेयर हाउस से माल की डिमाण्ड होने पर वेयर हाउस कर्मचारी जब अन्दर गये और गिनने पर माल कम पाया तो सीसीटीवी फुटेज देखा तो चोरी का पता चल सका। अभियुक्तगण द्वारा वेयर हाउस में दो बार सामान निकाल कर चोरी करने से मन बढ़ गया और बाराबंकी के आस पास के जनपदों के अन्य कई वेयर हाउस पर चोरी करने की योजना बनाई गई थी। परन्तु बाराबंकी पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर अन्य घटनाओं को घटित होने से बचा लिया गया। अभियुक्त कृष्ण मोहन व मनोज ने वर्ष-2024 में जनपद लखनऊ के गुडम्बा थाना स्थित वेयर हाउस में चोरी की थी।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1. कृष्ण मोहन पुत्र राम प्रवेश मौर्या निवासी धौरमऊ गोरखपुरी बंगला थाना देवा जनपद बाराबंकी
2. दीपक अग्रवाल पुत्र स्व0 विशन अग्रवाल निवासी बल्केश्वर थाना कमलानगर जनपद आगरा
3. हनुमान रावत पुत्र केदार निवासी मतपुरवा थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
4. कुलदीप पुत्र राम दुलारे रावत निवासी शेषपुर अलीपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
5. सुधीर पुत्र रामनरेश रावत निवासी ग्राम रोटी थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी
6. ओमकार पुत्र लालजी वर्मा निवासी ग्राम गौरिया थाना देवा जनपद बाराबंकी
7. गुरूमीत सिंह पुत्र हरबक्श सिंह निवासी लाजपत नगर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
8. मनोज पुत्र सोहन लाल नि0 ढर्रेपुर मजरे कुरखिला थाना देवा जनपद बाराबंकी
9. रनमीत सिंह पुत्र बृजेन्द्र सिंह निवासी खुरशीद बाग त्रिपाठीनगर जनपद लखनऊ

**बरामदगी-**

1. 85 अदद कार्टन (मोटर पार्ट्स)
2. अदद बोलेरो पिकप नं0 UP 32 MN 2659
3. अदद स्प्रेसो कार नं0 UP 41 AX 2240
4. 03 अदद मोबाइल फोन
5. 5,990/- रूपये नकद
6. 01 अदद तमंचा, 02 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर

**आपराधिक इतिहास-**

1. ओमकार वर्मा पुत्र लाल जी वर्मा निवासी ग्राम गौरिया थाना देवा जनपद बाराबंकी
1. मु0अ0सं0 871/2017 धारा 457/380 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
2. मु0अ0सं0 31/2018 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
3. मु0अ0सं0 47/2018 धारा 307 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
4. मु0अ0सं0 51/2018 धारा 4/5 एक्सप्लोसिव एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
5. मु0अ0सं0 787/2019 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी

2. कृष्ण मोहन पुत्र राम प्रवेश मौर्या निवासी धौरमऊ गोरखपुरी बंगला थाना देवा जनपद बाराबंकी
1. मु0अ0सं0 212/2021 धारा 279/337/338/304ए भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
2. मु0अ0सं0 82/2024 धारा 457/380/411 भादवि थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ
3. मु0अ0सं0 183/2024 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ

3. कुलदीप रावत पुत्र रामदुलारे निवासी शेखपुर अलीपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
1. मु0अ0सं0 280/2016 धारा 379/506 भादवि थाना फतेहपुर बाराबंकी
2. मु0अ0सं0 60/2018 धारा 457/380/411 भादवि थाना चिनहट जनपद लखनऊ

4. मनोज पुत्र शत्रुघन निवासी ढर्रेपुर थाना देवा जनपद बाराबंकी
1. मु0अ0सं0 60/2018 धारा 457/380/411 भादवि थाना चिनहट जनपद लखनऊ
2. मु0अ0सं0 04/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना देवा जनपद बाराबंकी
3. मु0अ0सं0 82/2024 धारा 457/380/411 भादवि थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ

5. हनुमान रावत उर्फ लुक्का पुत्र केतार निवासी भटपुरवा थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
1.मु0अ0सं0 128/2024 धारा 3/21 एनडीपीएस एक्ट थाना फतेहपुर बाराबंकी

**<u>पुलिस टीम-</u>**

**<u>थाना देवा</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल पाण्डेय
2. उ0नि0 श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह, उ0नि0 श्री मिथिलेश यादव
3. उ0नि0 श्री अखिलेश प्रजापति, प्रशिक्षु उ0नि0 श्री सत्यपाल यादव
4. हे0का0 रामजी पाल, हे0का0 उदय चन्द्र
5. का0 हरवंश कुमार, का0 आरव सिंह
6. का0 सुशील कुमार, का0 संतोष कुमार

**सर्विलांस टीम-**

1. निरीक्षक श्री बृजेश कुमार यादव प्रभारी सर्विलांस सेल
2. उ0नि0 श्री रामाधार पटेल
3. हे0का0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 जितेन्द्र वर्मा
4. हे0का0 मजहर अहमद, हे0का0 जुबैर, हे0का0 चन्द्रभान
5. हे0का0 पवन गौतम, का0 शैलेन्द्र कुमार

**स्वाट टीम-**

1. निरीक्षक ब्रजकिशोर सिंह प्रभारी स्वाट टीम
2. उ0नि0 श्री अजय सिंह, उ0नि0 श्री संजीव कुमार यादव,
3. उ0नि0 श्री अजीज़ुल हसन, उ0नि0 श्री मिथिलेश चौहान
4. हे0का0 बलवन्त सिंह, हे0का0 जितेन्द्र बहादुर सरोज
5. हे0का0 मुकेश यादव, हे0का0 अंगद गौड, हे0का0 सत्य प्रकाश यादव
6. का0 प्रवीण शुक्ल, का0 जरनैल सिंह, का0 अभय कुमार,
7. का0 अंकित तोमर, का0 अभिषेक राजवंशी, का0 नितिन कुमार